यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
**(भारत सरकार का संस्थान)**
(CIN : U 12000 JH 1967 GOI 000806)
डाकघर – जादुगोड़ा माईन्स, जिला– पूर्वी सिंहभूम, (झारखण्ड) – 832102

# सावधानी सूचना

यह जनता को सूचित किया जाता है कि कुछ बेईमान व्यक्ति स्वयं को यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसीआईएल) के कर्मचारी, प्रतिनिधि अथवा एजेंट के रूप मे प्रस्तुत कर रहे हैं । ऐसे व्यक्ति अवैध लाभ कमाने तथा नौकरी के इच्छुक अभ्यार्थियों एवं छात्रों को धोखा देने के इरादे से फर्जी रोजगार प्रस्ताव दे रहे है । कुछ वेबसाईटों, टेलीफोन कॉलों अथवा फर्जी पत्रों के माध्यम से यूसीआईएल में नौकरी दिलाने का झांसा दिया जाता है तथा अभ्यार्थियों से विभिन्न बैंक खातों में धनराशि जमा कराने के लिए कहा जाता है। ऐसे लोग यूसीआईएल के नाम, ट्रेडमार्क, डोमेन नाम तथा लोगो का अनाधिकृत रूप से उपयोग कर कंपनी की छवि एवं प्रतिष्ठा को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं । यूसीआईएल आम जनता को सावधान करना चाहता है कि वे इस प्रकार की धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधियों का शिकार न हों । यूसीआईएल किसी भी अभ्यार्थी, नौकरी के आवेदक अथवा संभवित उम्मीदवार से भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में ऑनलाइन या अन्य किसी माध्यम से कोई शुल्क अथवा नकद राशि न तो मांगता है, न स्वीकार करता है और न ही किसी बैंक खाते में राशि जमा कराने का निर्देश देता है । ऐसे किसी भी फर्जी रोजगार प्रस्ताव, साक्षात्कार कॉल अथवा धनराशि जमा कराने के अनुरोध पर की गई किसी भी प्रकार की भुगतान संबंधी कार्रवाई पूर्णतः संबंधित व्यक्ति के स्वयं के जोखिम पर होगी । ऐसी परिस्थितियों में होने वाली किसी भी हानि अथवा नुकसान के लिए यूसीआईएल प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष से उत्तरदायी नहीं होगा । कंपनी संभावित अभ्यार्थियों से आग्रह करती है कि वे इस प्रकार के किसी भी फर्जी प्रस्ताव अथवा अनुरोध का उत्तर न दें । यूसीआईएल की सभी भर्ती संबंधी सूचनाएँ केवल उसकी आधिकारिक वेबसाइट तथा आवश्यकतानुसार समाचार पत्रों में प्रकाशित की जाती है । यदि किसी व्यक्ति को इस प्रकार की किसी धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधि की जानकारी प्राप्त होती है अथवा यूसीआईएल में भर्ती या रोजगार के नाम पर किसी प्रकार की संदिग्ध जानकारी मिलती है, तो कृपया ऐसी गतिविधियों को रोकने हेतु संबंधित प्राधिकरण को सूचित करें तथा आवश्यक कार्रवाई में यूसीआईएल का सहयोग करें ।

कृते

यूरेनियम कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड(यूसीआईएल)